दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, गुरुवार 01 दिसंबर 2022

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# सर्वाधिक आबादी की चुनौती

तेजी से जनसंख्या में वृद्धि गरीबी उन्मूलन, भूख और कुपोषण से लड़ाई और शिक्षा- स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रसार को और चुनौतीपूर्ण बना देती है। भारत को अभी से इन चुनौतियों की तरफ ध्यान देना होगा।

अगले साल भारत दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन जाएगा। यह अनुमान संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूएनएफपीए का है। 2022 में भारत की आबादी 1.41 अरब तक पहुंच चुकी है। अभी चीन की जनसंख्या 1.43 अरब है। अभी जनसंख्या वृद्धि की जो रफ्तार है, उसके हिसाब से 2050 में भारत की जनसंख्या 1.67 अरब हो जाएगी। लेकिन चीन की आबादी तब 1.32 अरब ही होगी। तो यह अनुमान निराधार नहीं है कि ज्यादा आबादी भूख और गरीबी जैसी चुनौतियों को और गंभीर कर सकती है। इसीलिए बहुत तेजी से जनसंख्या में वृद्धि गरीबी उन्मूलन, भूख और कुपोषण से लड़ाई और शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रसार को और चुनौतीपूर्ण बना देती है। भारत को अभी से इन असली चुनौतियों की तरफ ध्यान देना होगा। विशेषज्ञों ने उचित सलाह दी है कि भारत सरकार विकास को समान और टिकाऊ रूप से सब तक पहुंचाने की योजना बनानी चाहिए। इसके लिए सरकार की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक नीतियों में सुधार की जरूरत है।

सार यह कि आने वाले समय में भारत को बढ़ती और बूढ़ी होती आबादी की जरूरतें पूरी करने के लिए उपाय करने होंगे। इनमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था में सुधार जैसी बातें शामिल होंगी। पिछले साल भारत में बुजुर्गों की जनसंख्या 13.8 करोड़ पर थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग के मुताबिक 2030 तक इस आयुवर्ग में 19.4 करोड़ लोग होंगे। यानी इस उम्र वर्ग की आबादी में 41 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इस तेजी से बूढ़ी होती जनसंख्या के सामने उपेक्षा, अकेलापन और वित्तीय परेशानियों जैसी कई समस्याएं होंगी। शोध दिखाते हैं कि फिलहाल 26.3 प्रतिशत बुजुर्ग आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं। 20.3 प्रतिशत बुजुर्ग ऐसे हैं, जो आर्थिक रूप से किसी अन्य पर निर्भर हैं, जबकि 53.4 फीसदी बुजुर्ग अपने बच्चों पर निर्भर हैं। अभी तो भारत को एक युवा देश कहा जाता है। उसकी 55 प्रतिशत जनसंख्या 30 या उससे कम वर्ष की है, जबकि एक चौथाई आबादी अभी 15 वर्ष की भी नहीं हुई है। जनसांख्यिकीय अनुपात से मिलने वाले इस लाभ को आर्थिक लाभों में तब्दील करने के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है। सवाल है कि क्या भारत इन चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर पाएगा?

# सुंदर के अर्द्धशतक ने भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया

### 0 न्यूजीलैंड के सामने रखा 220 रनों का लक्ष्य



**क्राइस्टचर्च ।** भारत ने वाशिंगटन सुंदर (51) के अर्द्धशतक की बदौलत तीसरे एकदिवसीय मैच में बुधवार को न्यूजीलैंड के सामने 220 रन का लक्ष्य रखा। आधी भारतीय टीम के 121 रन पर पवेलियन लौटने के बाद सुंदर ने पारी को संभाला और 64 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्का लगाकर 51 रन बनाये। इससे पहले श्रेयर अय्यर ने भी 59 गेंदों पर आठ चौकों के साथ 49 रन का योगदान दिया।

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी के लिये बुलाया और धीमी शुरुआत के बाद दोनों सलामी बल्लेबाजों को छोटे स्कोरों पर पवेलियन भेज दिया। शुभमन गिल ने 22 गेंदों पर दो चौकों के साथ 13 रन बनाये जबकि शिखर धवन ने 45 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्का लगाकर 28 रन की पारी खेली। ऋषभ पंत ने 16 गेंदों पर 10 रन का योगदान दिया और दबाव में आकर डीप स्क्वेयर लेग पर खड़े ग्लेन फिलिप्स को कैच थमा बैठे।

अच्छी लय में नजर आ रहे अय्यर ने पंत के साथ 30 रन जोड़े जबकि सूर्यकुमार यादव (छह रन) के साथ 25 रन की साझेदारी की, हालांकि वह अपने अर्द्धशतक से एक रन की दूरी पर लोकी फर्ग्यूसन का शिकार हो गये। भारत के आखिरी बल्लेबाज दीपक हुड्डा (12) के आउट होने के बाद टीम संकट में थी और 200 रन तक पहुंचना मुश्किल लग रहा था। सुंदर ने यहां पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ साझेदारी करते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

उन्होंने युज़वेंद्र चहल के साथ 31 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी करके भारत को 200 रन के आंकड़े के पार पहुंचाया। मिचेल सैंटनर ने चहल को आठ रन पर आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। भारत आखिरी दो विकेटों के बदले 18 रन ही जोड़ सका और 47.3 ओवर में 219 रन पर ऑलआउट हो गया। न्यूजीलैंड के लिये एडम मिल्ने ने 10 ओवर में 57 रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि डेरिल मिचेल ने सात ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट चटकाये। टिम साउदी ने 8.3 ओवर में 36 रन देकर दो विकेट लिये जबकि फर्ग्यूसन और सैंटनर को एक-एक सफलता हासिल हुई।

# नीदरलैंड सुपर-16 में, मेजबान कतर बाहर



**अल ख़ोर।** नीदरलैंड ने फीफा विश्व कप 2022 के ग्रुप-ए मुकाबले में मेज़बान क़तर को 2-0 से हराकर सुपर-16 राउंड में प्रवेश कर लिया।

अल बैत स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में कोडी गाकपो (26वां मिनट) और फ्रेंकी डी जोंग (49वां मिनट) ने नीदरलैंड के लिये गोल किये, जबकि मेज़बान टीम अपने आखिरी मुकाबले में एक भी गोल नहीं कर सकी।

एशियाई चैंपियन कतर ग्रुप स्टेज के अपने सभी मुकाबले हारने के साथ विश्व कप 2022 से बाहर हो गयी। कतर टूर्नामेंट में तीन मैच हारने वाली पहली मेज़बान टीम बनी। साथ ही उसने दक्षिण अफ्रीका (2010) के बाद पहले राउंड में बाहर होने वाले दूसरे मेज़बान देश का विस्मरणीय रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

नीदरलैंड ने ग्रुप-ए में शीर्ष पर रहकर पहले राउंड का समापन करने के लिये आक्रामक शुरुआत की। गाकपो ने मैच के 26वें मिनट में क्लासेन की मदद से अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई।

दूसरे हाफ के चौथे मिनट में ही डी जोन्ग ने गोल करके नीदरलैंड की बढ़त को दोगुना कर दिया।

कतर का प्रदर्शन इस मैच में निराशाजनक रहा। वह कुल समय के एक तिहाई में ही बॉल को अपने पास रख सकी और कभी भी डच टीम के लिये खतरा नहीं बनी।

नीदरलैंड ने तीन मैचों में सात अंकों के साथ सुपर-16 में प्रवेश कर लिया, जबकि सेनेगल तीन मैचों में छह अंकों के साथ ग्रुप-ए से सुपर-16 में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गयी।

# टोयोटा किर्लोस्कर के वाइस चेयरमैन विक्रम एस किर्लोस्कर का निधन



**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस चेयरमैन विक्रम एस किर्लोस्कर का दिल का दौरा पडऩे से निधन हो गया है। वह 64 वर्ष के थे। मोटर वाहन निर्माता कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा, ''हमें टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस चेयरमैन विक्रम एस किर्लोस्कर के 29 नवंबर 2022 को असामयिक निधन की सूचना देते हुए अत्यंत दुख हो रहा है। दुख की इस घड़ी में हम सभी से अनुरोध करते हैं कि दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें।'' कंपनी ने बताया कि उन्हें बुधवार दोपहर एक बजे बेंगलुरु के हेब्बल शवदाहगृह में अंतिम श्रद्धांजलि दी जा सकती है।कई तरह के वाहनों की बिक्री करने वाली टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) जापान की ऑटो क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टोयोटा मोटर और किर्लोस्कर ग्रुप का संयुक्त उद्यम है।

# कड़ी हार के बाद कप्तान सन ने दक्षिण कोरिया के समर्थकों से मांगी माफी



**अल रय्याव ।** फीफा विश्व कप मैच में हार के बाद दक्षिण कोरिया की नॉकआउट संभावना पर संकट के बादल छा गए। कोरियाई कप्तान सोन ह्युंग-मिन ने टीम के समर्थकों से माफी मांगी है। अल के एजुकेशन सिटी स्टेडियम में ग्रुप एच एक्शन में घाना से 3-2 से हारने के बाद सन ने कहा, मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या कहूं। हम सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे खेद है कि हम जीत नहीं सके। मुझे वास्तव में हमारे सभी प्रशंसकों के लिए खेद है, जो हमें सपोर्ट कर रहे थे।

सन, जो अपने सर्जिकल रूप से ठीक किए गए चेहरे पर एक सुरक्षात्मक मास्क के साथ खेल रहे थे, उन्होंने इस हार की जिम्मेदारी खुद ली। सन ने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से बेहतर खेलना चाहिए था और टीम का नेतृत्व करने के लिए बेहतर काम करना चाहिए था। इससे मुझे इतना दर्द होता है कि मैं इससे बाहर नहीं आ सका। मैं वास्तव में अपने साथियों से अधिक नहीं मांग सकता। यदि वे वही करते रहे जो वे करते रहे हैं, तो मैं वास्तव में अच्छा कप्तान साबित होऊंगा।

दो मैचों के बाद एक अंक के साथ दक्षिण कोरिया को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए अपने अंतिम ग्रुप मैच में पुर्तगाल को हराना होगा। लेकिन टीम मुख्य कोच पाउलो बेंटो के बिना होगी, जिन्हें सोमवार की हार के बाद लाल कार्ड मिलने पर शुक्रवार के लिए निलंबित कर दिया गया था। बेंटो की रेफरी एंथोनी टेलर के साथ कहा -सुनी हो गई थी, जब टेलर ने अंतिम सीटी बजाई, जब टीम ने एक कॉर्नर अर्जित किया था। बेंटो ने कहा, यह टीम के लिए अच्छी स्थिति नहीं है। लेकिन हम उस पर अमल करने की कोशिश करेंगे, जो कोच हमसे करवाना चाहते हैं, और अगले कुछ दिनों में हम सबसे अच्छी तैयारी कर सकते हैं।

# उरुग्वे के विरुद्ध पहले गोल में रोनाल्डो ने बॉल को नहीं छुआ



**लुसैल ।** फीफा विश्व कप 2022 में प्रयोग होने वाली आधिकारिक बॉल अल रिहला की आपूर्ति एडिडास ने अपनी तकनीक की मदद से पुष्टि की है कि उरुग्वे के खिलाफ पुर्तगाल के शुरुआती गोल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की कोई भूमिका नहीं थी।

रोनाल्डो ने उरुग्वे के खिलाफ पुर्तगाल के मैच के 54वें मिनट में एक गोल करने का दावा किया लेकिन बाद में गोल का श्रेय उनकी टीम के साथी ब्रूनो फर्नांडीस को दिया गया।

फर्नांडीस ने पिच के बाईं ओर से बॉल को पार किया और बॉल गोल में जाते ही रोनाल्डो ने सबसे ऊंची छलांग लगा दी। रिप्ले ने बाद में दिखाया कि रोनाल्डो और बॉल का कोई संपर्क नहीं हुआ था।

एडिडास ने अपने बयान में कहा, पुर्तगाल और उरुग्वे के बीच मैच में प्रयोग की गयी एडिडास की अल रिहला आधिकारिक मैच बॉल की 'कनेक्टेड बॉल' तकनीक की मदद से हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि मुकाबले के शुरुआती गोल में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने गेंद से कोई संपर्क नहीं किया था।

रोनाल्डो इस गोल से यूसेबियो के साथ विश्व कप में पुर्तगाल के लिये सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन सकते थे। साथ ही वह विश्व कप में अधिक गोल करने की दौड़ में अपने चिर-प्रतिद्वंदी लियोनेल मेसी को भी पीछे छोड़ देते।

बयान में कहा गया, बॉल पर कोई बाहरी बल नहीं मापा जा सका है। बॉल के अंदर 500 हर्ट्ज़ आईएमयू सेंसर की मदद से हम सटिक विश्लेषण कर पाते हैं।

उल्लेखनीय है कि कतर विश्व कप के लिये इस्तेमाल की जा रही आधिकारिक मैच बॉल अल रिहला में एक सेंसर मौजूद है जो छुअन का पता लगाने में रेफरी की सहायता करता है। यह टूर्नामेंट के इतिहास में इस तकनीक वाली पहली बॉल है।

# सीओएआई का दूरसंचार सचिव को पत्र ओटीटी पर 'प्रयोग शुल्क' के लिए नियामकीय ढांचा बनाने की मांग



**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनियों के निकाय सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने सरकार से व्हॉट्सऐप, सिग्नल और गूगल डुओ जैसी बड़ी इंटरनेट आधारित कॉलिंग और संदेश ऐप से 'इस्तेमाल शुल्क' वसूलने के लिए लाइसेंसिंग और नियामकीय रूपरेखा बनाने की मांग की है।

सीओएआई के महानिदेशक एस पी कोचर ने इस बारे में पिछले सप्ताह दूरसंचार सचिव के राजारमन को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि नेटवर्क के इस्तेमाल के आधार पर इस शुल्क को सीमित रखा जा सकता है। ऐसा करते समय सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रम खंड के ओवर-द-टॉप (ह्ञ्जञ्ज) खिलाड़ियों पर बोझ नहीं डाला जाना चाहिए।

दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार सेवाप्रदाताओं की तरह कॉल और संदेश सेवा प्रदान करने वाले ओटीटी खिलाड़ियों की परिभाषा तय करने का प्रस्ताव किया है।

कोचर ने पत्र में कहा कि ओटीटी कंपनियों को दूरसंचार सेवाप्रदाताओं को ग्राहकों को ओटीटी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए दूरसंचार नेटवर्क के इस्तेमाल को शुल्क का भुगतान करना चाहिए। यह इस्तेमाल शुल्क आपसी सहमति के आधार पर तय किया जाना चाहिए।

पत्र में कहा गया है कि कुछ मामलों में ओटीटी खिलाड़ियों और दूरसंचार सेवाप्रदाताओं के बीच शायद 'प्रयोग शुल्क' को लेकर सहमति बनें। ऐसी स्थिति के लिए एक उचित लाइसेंसिंग और नियामकीय व्यवस्था लाने की जरूरत है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा व अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

***वृष :*** आज दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

***मिथुन :*** आज आपकी व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें।

***कर्क :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा व धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे।

***सिंह :*** पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा।

***कन्या :*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा और धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें।

***तुला :*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा और सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

***वृश्चिक :*** आज आप खुशनुमा रहेंगे और आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें।

***धनु :*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा । थोड़ा स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा।

***मकर :*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कोई आवश्यक समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद होने से बचें। व्यर्थ भागदौड़ होगी।

***कुंभ :*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा और पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी।

***मीन :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा व आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

# धनुष ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शेखर कम्मुला से मिलाए हाथ, फिल्म की शूटिंग शुरू



पैन इंडिया स्टार धनुष जल्द ही राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके निर्देशक शेखर कम्मुला की अगली फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो गई है और इसी के साथ फिल्म से धनुष का लुक भी सामने आ गया है। धनुष ने भी कुछ समय पहले अपनी इस फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर किया था। अब आखिरकार उन्होंने शेखर के साथ अपने इस नए सफर की शुरुआत कर दी है। आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है।

हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले पूजा-अर्चना हुई, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में धनुष के साथ फिल्म के निर्माता-निर्देशक नजर आ रहे हैं। धनुष तस्वीरों में लंबे बाल और दाढ़ी में दिख रहे हैं। यह फिल्म तमिल और तेलुगु के साथ-साथ हिंदी भाषा में भी बनने वाली है।

फिल्म एसवीसीएलएलपी के बैनर तले बन रही है, जिसने हाल ही में तमिल-तेलुगु कॉमेडी फिल्म प्रिंस बनाई है।धनुष ने पिछले साल जुलाई में ही अपनी इस फिल्म की घोषणा कर दी थी। उन्होंने बताया था कि उन्हें सबसे ज्यादा बेसब्री शेखर कम्मुला के साथ काम करने की है, क्योंकि वह उनके पसंदीदा निर्देशकों में से एक हैं। इसके बाद इस फिल्म को लेकर कोई अपडेट सामने नहीं आया।

# बिग बॉस के घर फिर पहुंचीं राखी सावंत, ली वाइल्ड कार्ड एंट्री



अपने विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाली ड्रामा क्वीन राखी सावंत फिर चर्चा में हैं और इस बार उन्हें सुर्खियों में लेकर आया है बिग बॉस। दरअसल, वह एक बार फिर इस शो में नजर आने वाली हैं। राखी शो के अलग-अलग सीजन में नजर आ चुकी हैं। टीआरपी बढ़ाने के लिए खुद निर्माता भी उन्हें बिग बॉस का हिस्सा बनाने से नहीं चूकते, लेकिन इस बार कहानी में थोड़ा ट्विस्ट है। राखी ने इस बार बिग बॉस मराठी 4 में एंट्री की है। चैनल ने एक प्रोमो जारी किया है, जिसमें उन्हें बिग बॉस मराठी के घर में विशाल निकम के साथ एंट्री करते देखा जा सकता है, जिन्होंने बिग बॉस मराठी 3 जीता था। बिग बॉस मराठी 3 से लोकप्रिय हुईं मीरा जगन्नाथ और आरोह वेलांकर ने भी शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री ली है।

# जायकेदार 'पम्पकिन वॉलनट केक'



आज दुनियाभर में थैंक्सगीविंग डे मनाया जा रहा है। जिस दिन आप अपने खास दोस्तों, करीबियों और कलीग्स को उनके द्वारा किए गए मदद के लिए थैंक्स कहते हैं। तो क्यों न कुछ अलग तरीके से करें उनका शुक्रिया।

### सामग्री :

32 ग्राहम कैकर्स, 2 टेबलस्पून डार्क ब्राउन शुगर, ½ कप बटर, पिघला हुआ, 2 टेबलस्पून जिलेटीन पाउडर, 1 कप पानी, बांटा हुआ, 500 ग्राम केन पम्पकिन पाई फिलिंग, 1 कप मैसकार्पोन चीज़, 1/2 कप शहद, 1 टीस्पून दालचीनी, 1/2 टीस्पून जायफल, 1 कप व्हिपिंग क्रीम

### विधि :

1. ओवन को 160°C पर प्रीहीट करें।
2. ग्राहम कैकर्स, शुगर एवं बटर को एक फूड प्रोसेसर में डालें और वेट सैंड कंसिस्टेंसी पाने तक ब्लेंड करें। इस मिश्रण को एक नॉन-स्टिक पैन में 9 इंच (23 सेमी) के बॉटम में निकालें। क्रस्ट के फ्रैगरेंट होने और गोल्डेन ब्राउन होने तक 10 मिनट तक बेक करें। ठंडा होने के लिए एक तरफ रख दें।
3. जिलेटीन को 1/2 कप पानी में स्प्रिंकल करें, मिलायें और 5 मिनट के लिए छोड़ दें। बचे हुए पानी को उबालें और जिलेटीन में डालें और घुलने तक हिलाएं। एक अलग कटोरे में, व्हिपिंग क्रीम को अच्छी तरह से व्हिप करें और अलग रखें।
4. एक बड़े कटोरे में, पम्पकिन पाई फिलिंग, अखरोट, मैसकैपोन, शहद, दालचीनी और जायफल को मिलाएं। इसमें जिलेटीन डालें। व्हिप्ड क्रीम में फोल्ड करें और पैन से स्प्रिंग में मूस को डालें। एयर बबल्स को निकालने के लिए केक पैन को हल्के से शेक करें और सर्फेस को स्मूद करें।
5. तैयार है केक सर्व करने के लिए।


# शब्द सामर्थ्य- 267

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 266 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

# सू-दोकू- 267

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.266 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |